राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, डीलक्स आगार, जयपुर।

क्रमांकः—एफ / सामा / सीएमहैल्प181 / डी / 19 / 1275 दिनांकः— 10.12.19.

श्री ज्ञानेश कुमार
4 / 209, चित्रकूट
वैशाली नगर, जयपुर।

CM help Line 181
07180743919392

विषयः— CM help Line 181 परिवाद संख्या 07180743919392 के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत आप द्वारा CM help Line 181 पर परिवाद संख्या 07180743919392 प्रेषित कर राजस्थान परिवहन निगम की स्कैनिया बसों की "मेन्टीनेन्स नहीं होने के कारण वीआईपी रूट पर यात्रियों के सफर में बाधा बनी रोड़वेज की स्कैनिया बसों" के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु लिखा गया है।

उक्त संबंध में लेख है कि निगम के वाहन बेड़े में 27 स्कैनिया सुपर लग्जरी वाहनें उपलब्ध है, जिनकी मेन्टीनेन्स हेतु निगम द्वारा स्कैनिया कम्पनी के साथ ही मेन्टीनेन्स अनुबन्ध किया हुआ है, जिसके तहत स्कैनिया वाहनों की समस्त प्रकार की मेन्टीनेन्स का दायित्व स्कैनिया कम्पनी का निर्धारित है।

निगम स्तर पर स्कैनिया वाहनों की संबंधित कम्पनी के स्तर पर मेन्टीनेन्स करवाकर ही मार्ग पर संचालन हेतु भिजवाया जाता है, किन्तु फिर भी मार्ग पर संचालन के दौरान वाहनों के ब्रेकडाउन होने पर यात्रियों हेतु वैकल्पिक व्यवस्था की जाती है तथा निगम स्तर पर स्कैनिया कम्पनी के साथ किये गये अनुबन्ध के अनुसार मेन्टीनेन्स देयकों में से पैनल्टी की कटौती करने की प्रक्रिया अपनायी जाती है।

निगम स्तर पर सुपर लग्जरी वाहनों के दोषरहित / ब्रेकडाउन रहित संचालन हेतु सतत कार्यवाही करते हुये यात्रियों को निर्बाध परिवहन सेवा उपलब्ध कराने हेतु सतत प्रयास जारी हैं।

सूचनार्थ प्रेषित है।

मुख्य प्रबन्धक
डीलक्स आगार, जयपुर।

Scanned by CamScanner